समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
एम पी ई डी ए भवन, पनंपिल्ली एवन्यू
डाक पेटी सं. 4272, कोच्ची-682036, भारत
The Marine Products Export Development Authority
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India)
MPEDA House, Panampilly Avenue
P.B. No. 4272, Kochi-682 036, India

फोन Phone : 2311979, 2311901, 2311854, 2311803, 2313415, 2314468, 2315065
फैक्स Fax : 91-484-2313361
E-mail : ho@mpeda.gov.in
Website : www.mpeda.com

प्रेस विज्ञप्ति

एमपीईडीए ने अपनी स्थापना के 50 वें वर्ष में प्रवेश किया

इस सिलसिले में एक साल तक चलने वाले स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया

कोच्चि, 25 अगस्त: समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने एक साल तक चलने वाले स्वर्ण जयंती समारोहों का शुभारंभ किया है। ये समारोह एमपीईडीए की स्थापना के 50 वें वर्ष के शुरू होने के सिलसिले में आयोजित किए जा रहे हैं। एमपीईडीए के इतिहास में यह पहला मौका है जब वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेंशनरों , निर्यातकों और इसके सभी क्षेत्रीय प्रभागों और सोसाइटियों सहित सैकड़ों लोगों को इस समारोह में शामिल किया गया है।

मंगलवार से शुरू हुए समारोह का सीधा प्रसारण एमपीईडीए के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया गया।

समारोह की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई और इसके बाद संगठन की दिवंगत आत्माओं की याद में मौन प्रार्थना की गई। एमपीईडीए के सचिव और एमपीईडीए स्टाफ क्लब के अध्यक्ष श्री के एस प्रदीप स्वागत भाषण दिया।

कोच्चि के सीमा शुल्क आयुक्त श्री मोहम्मद यूसुफ इस मौके पर मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता एमपीईडीए के अध्यक्ष श्री के.एस.श्रीनिवास ने की। श्री मोहम्मद यूसुफ ने श्री श्रीनिवास की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर स्वर्ण जयंती समारोहों का उद्घाटन किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में, श्री श्रीनिवास ने पिछले पांच दशकों में एमपीईडीए के विकास और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अगले 50 वर्षों के लिए रोड मैप पेश किया। उन्होंने समुद्री खाद्य निर्यात के त्वरित विकास के लिए एमपीईडीए के मौजूदा और सेवानिवृत्त कर्मचारियों, निर्यातकों और अन्य हितधारकों की कड़ी मेहनत और उनके प्रयासों की सराहना की।

एमपीईडीए के निदेशक डॉ. एम. कार्तिकेयन, उपाध्यक्ष श्री आदित्य दाश और संयुक्त निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) डॉ राम मोहन एम.के, एसईएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश वी. फोफंडी और एसईएआई के महासचिव श्री इलियास सेठ द्वारा अभिनंदन भाषण दिया गया।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
एम पी ई डी ए भवन, पनंपिल्ली एवन्यू
डाक पेटी सं. 4272, कोच्ची-682036, भारत
The Marine Products Export Development Authority
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India)
MPEDA House, Panampilly Avenue
P.B. No. 4272, Kochi-682 036, India

फोन Phone : 2311979, 2311901, 2311854, 2311803, 2313415, 2314468, 2315065
फैक्स Fax : 91-484-2313361
E-mail : ho@mpeda.gov.in
Website : www.mpeda.com

इस अवसर पर एमपीईडीए में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

एमपीईडीए की पूर्व कर्मचारी श्रीमती एम. राजेश्वरी की याद में स्थापित राजेश्वरी मेमोरियल इंडोवमेंट अवार्ड एमपीईडीए कर्मचारियों के उन बच्चों को दिए गए जिन्होंने 10 वीं और 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर एमपीईडीए ने निर्यात सांख्यिकी संग्रह और विश्लेषण को स्वचालित करने के लिए ई-स्टेट पैकेज शुरू किया है। एमपीईडीए के संयुक्त निदेशक (विपणन) श्री अनिलकुमार पी ने इस पैकेज का संक्षिप्त परिचय दिया और उसके बाद उसके बारे में एक प्रस्तुति पेश की गई।

आईआरएस श्री. मोहम्मद यूसुफ ने ई-स्टेट पैकेज लॉन्च किया जो एमपीईडीए के लिए बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एमपीईडीए स्टाफ क्लब के संयुक्त सचिव श्री के. एन श्री निशांत ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञपित किया ।

*****